कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 123 /XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 28 जनवरी, 2016

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग,
निर्वाचन भवन, ग्राम लाडपुर,
मसूरी बाईपास, रिंग रोड़, देहरादून।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार के अर्न्तगत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्र का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्रीमती जशोदा भट्ट मार्फत रमेश चन्द्र शर्मा, स्टेशन रोड़, नजदीक– हनुमान मंदिर कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 21 दिसम्बर, 2015 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,
(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 123 /XXV–12(1–5)/2008, तददिनांक।**
प्रतिलिपिः– श्रीमती जशोदा भट्ट मार्फत रमेश चन्द्र शर्मा, स्टेशन रोड़, नजदीक– हनुमान मंदिर कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल को सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

सेवा में।

लोक सूचना अधिकारी
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,
४- सुभाष रोड़ सचिवालय परिसर
देहरादून (उत्तराखण्ड) -**248001**

**<u>सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना के सम्बंध में</u>**

महोदय

आपके पत्र संख्या **1132/XXV/12/2008 (P-3)** दिनांक **28** दिसम्बर **2015** द्वारा विन्दु संख्या **08** से **12** तक की सूचना प्राप्त हुई है।

राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या **1263/रा0नि0आ0-1/2007/2015** दिनांक **31** दिसम्बर **2015** (छाया प्रति सलग्न) के द्वारा यह अवगत किया गया है कि विन्दु सं0-**7** से सम्बंधित **11** पृष्ठ तथा विन्दु -**08** से सम्बंधित **01** पृष्ठ भी उपलब्ध किए जाने है। अतः कुल **12** पृष्ठों की प्रमाणित छायाप्रतियां रू **2/-** प्रति पृष्ठ की दर से कुल धनराशि रूपये **24/-** अतिरिक्त शुल्क लोक सूचना अधिकारी के नाम डिमांड ड्राफ्ट या पोस्टल आर्डर अथवा नगद जमा करने का निर्देश मिला है।

आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि विन्दु संख्या **01** से विन्दु संख्या **07** तक चाही गई सूचना भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से समबंधित है जिसे सूचना के अधिकार अधिनियम **2005** की धारा **6 (3)** के अन्तृगत अग्रेत्तर कार्यावाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है जो कि विरोधाभास आलेख हैं। रा0नि0आ0 के पत्रानुसार स्पष्ट है कि विन्दु सं0 **1** से विन्दु सं0 **7** तक चाही गई सूचना आपके कार्यालय में उपलब्ध है। कृप्या स्पष्ट करें।

राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मैं रूपया **24/-** का भारतीय पोस्टल आर्डर संख्या **32F 130097, 32F 130114** एवं **56C 515811** इस पत्र के साथ सलग्न कर रहा हूँ। **1** रूपये की अतिरिक्त राशी जमा करने में कोई आपत्ति नही है। कृपया शीघ्र छायाप्रतियां उपलब्ध करवाने की कृपा कीजिएगा। रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के चुनाव चिन्ह से सम्बंधित विन्दु सं0 **08** के सम्बंध में सूचित करें।

धन्यवाद।

भवदीय,
जशोदा भट्ट

दिनांकः 21 दिसम्बर २०१६

(श्रीमती जशोदा भट्ट)
मार्फत रमेश चन्द्र शर्मा
स्टेशन रोड,नजदीक- हनुमान मंदिर
कोटद्वार, जिला- पौड़ी गढवाल
(उत्तराखण्ड)

पंजीकृत डाक से

राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

पत्रांक : 1263 / रा.नि.आ.-1/2007 /2015

दिनांक 31-12-2015

सत्यमेव जयते

# राज्य निर्वाचन आयोग

## अतिरिक्त शुल्क के लिये सूचना का प्रपत्र

श्रीमती जशोदा भट्ट,
मार्फत रमेश चन्द्र शर्मा,
स्टेशन रोड, नजदीक हनुमान मंदिर,
कोटद्वार, जिला–पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

महोदया,

कृपया अपने सूचना के अनुरोध पत्र दिनांक 16.12.2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 19.12.2015 को प्राप्त हुआ है और जिसमें आप द्वारा **12 बिन्दुओं** की सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके उपरोक्त अनुरोध पत्र दिनांक 16.12.2015 में उल्लिखित **12 बिन्दुओं** की सूचना में से राज्य निर्वाचन आयोग में उपलब्ध सूचना **बिन्दु संख्या–01 से 07** से संबंधित 11 पृष्ठ, **बिन्दु संख्या–08** से संबंधित–01 पृष्ठ आपको उपलब्ध कराये जाने है तथा **बिन्दु संख्या–09 से 11** तक की सूचना राज्य निर्वाचन आयोग से संबंधित न होने के फलस्वरूप पत्र संख्या–1202 दिनांक 20.12.2015 के द्वारा अनुरोध पत्र अनुभाग अधिकारी/लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को अंतरित किया गया है। अतः उक्त से संबंधित कुल **12 पृष्ठों** की प्रमाणित छायाप्रतियां प्राप्त करने हेतु रू0 2/–प्रति पृष्ठ की दर से कुल धनराशि रू0 24.00 (रूपये चौबीस मात्र) अतिरिक्त शुल्क देय होता है। अतः उक्त धनराशि यथाशीघ्र लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, भारतीय पोस्टल आर्डर, ट्रेजरी चालान या नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर के माध्यम से प्रेषित करें/अथवा कार्यालय में नकद जमा करें/करवा दें। यह भी अवगत कराना है कि उक्त शुल्क जमा करने से पूर्व सूचना से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन करना चाहते हैं, तो किसी भी कार्य दिवस में संबंधित अभिलेखों की प्रतियां अवलोकित कर सकते हैं।

मांगी गई सूचना को उपलब्ध करने सम्बन्धी कार्यवाही, उक्त अतिरिक्त शुल्क जमा करने के बाद ही प्रारम्भ होगी। इस पत्र की तिथि से अतिरिक्त शुल्क प्राप्त होने की तिथि तक का समय सूचना उपलब्ध कराने के लिये निर्धारित 30 दिनों में नहीं गिना जायेगा। यदि मांगी गई अतिरिक्त शुल्क की धनराशि आपको अत्यधिक लगती है तो उस अत्यधिक शुल्क के पुनर्विलोकन हेतु विभाग के अपीलीय अधिकारी जिनका पता निम्नवत् है, के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं।

श्री बी0डी0 पाण्डेय,
उप सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड।
**दूरभाष नं0–0135–2670998 मो0 7534820704**

31.12.15
(प्रभात कुमार सिंह)
सहायक आयुक्त/
लोक सूचना अधिकारी।

निर्वाचन भवन, ग्राम लाडपुर
मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून (उत्तराखण्ड)

**दूरभाष : 0135-2670457, 2670998**
**टैलीफैक्स : 0135-2670920, 2678945**
**ई-मेल : sec.uttarakhand@gmail.com**

पाँच टका | पाँच টাকা | પાંચ રૂપિયા | ಐದು ರೂಪಾಯಿ | ... | पाच रुपये | ... | पंज रुपये | पञ्च रूप्यकाणि

अपरक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

भारतीय पोस्टल आर्डर
INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO ........................................ को

पांच रुपए की रकम THE SUM OF RUPEES FIVE ONLY

रुपए 5.00 Rs.

कमीशन COMMISSION पैसे 50 PAISE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

श्रीमती जसोदा भट्ट
नजदीक हनुमान मन्दिर स्टेशन रोड
पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

AT THE POST OFFICE AT ........................ के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

19/11/18

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

56C 515811

---

दस टका | दश টাকা | દસ રૂપિયા | ಹತ್ತು ರೂಪಾಯಿ | ... | दहा रुपये | ... | दस रुपये | दश रूप्यकाणि

अपरक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

भारतीय पोस्टल आर्डर
INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO ........................................ को

दस रुपए की रकम THE SUM OF RUPEES TEN ONLY

₹ 10

कमीशन COMMISSION रुपया 1 RUPEE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

श्रीमती जसोदा भट्ट
नजदीक हनुमान मन्दिर
स्टेशन रोड कोटद्वार
पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

AT THE POST OFFICE AT ........................ के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

19/11/18

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

32F 130114

---

दस टका | दश টাকা | દસ રૂપિયા | ಹತ್ತು ರೂಪಾಯಿ | ... | दहा रुपये | ... | दस रुपये | दश रूप्यकाणि

अपरक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

भारतीय पोस्टल आर्डर
INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO ........................................ को

दस रुपए की रकम THE SUM OF RUPEES TEN ONLY

₹ 10

कमीशन COMMISSION रुपया 1 RUPEE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

श्रीमती जसोदा भट्ट
नजदीक हनुमान मन्दिर स्टेशन रोड
पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

AT THE POST OFFICE AT ........................ के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

19/11/18

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

32F 130097